एक नजर में

सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रेरक व्याख्यान आयोजित

मंडलेश्वर, निप्र। सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में भारतीय ज्ञान परंपरा त्रैमासिक गतिविधियों के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। महाविद्यालय संचालक बी एम पाटीदार ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने कि बात कही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विज्ञान प्राध्यापिका डॉ. प्रीति पाराशर (पी एम बी गुजराती विज्ञान महाविद्यालय इंदौर) ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के युग में वैज्ञानिक सोच ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़े रहने के साथ, हमेशा प्रयोगधर्मी शिक्षा अपनाने, जिज्ञासा बनाए रखने तथा नई तकनीकों को समझने के लिए प्रेरित किया। अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने अपने उद्बोधन में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। कार्यक्रम संयोजक रितु साहू ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कृषि आदान विक्रेता संघ के जिला स्तरीय सम्मेलन में व्यापारी एकता पर दिया जोर

खरगोन, निप्र। कृषि आदान विक्रेता संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन डायवर्सन रोड़ स्थित निजी मैरेज गार्डन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में संघ प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपुत, प्रदेश सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे, प्रदेश सदस्यता प्रभारी विनोद जैन ने व्यापारियों का मार्गदर्शन किया। जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चावला सहित अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों को नसीहत देते हुए कहा कि वर्तमान में सरकार कई सख्त कानून लागू कर रही है, जिससे व्यापार बंद होने की कगार पर पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में इन कानूनों का विरोध संगठित होकर किया जा सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे ने कहा व्यापार कठिन परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। शासन स्तर पर ऐसे कानून केवल कृषि व्यापार पर लागू किए जा रहे है, जो व्यापार को खत्म कर सकता है। सदस्यता प्रभारी विनोद जैन ने सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि संगठन तहसील, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से हमारी बात तभी रख सकता है जब हम उसके साथ जुड़कर उसकी आवाज को मजबूती देंगे। इसलिए अधिक से अधिक व्यापारी संगठन की सदस्यता लें। प्रदेश सचिव श्री रघुवंशी ने उर्वरक बीज और कीटनाशकों से संबंधित नए पेचीदा नियमों व सख्त प्रावधानों की जानकारी साझा की। जिलाध्यक्ष श्री चावला ने बताया जिले में करीब 1400 व्यापारिक प्रतिष्ठान है। इन व्यापारियों को संगठन का सक्रिय सदस्य बनाने के लिए जिलेभर में अभियान चलाया जाएगा।

समाज का सर्वांगीण विकास करना होगा, पहली प्राथमिकता : नवनिर्वाचित अध्यक्ष भंडारी

खरगोन, निप्र। श्री बीसा नीमा महाजन समाज ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह रविवार को राधाकुंज मांगलिक परिसर में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहित्यकार राकेश राणा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि शपथ दायित्व का बोध कराती हैं। समाज की प्रतिष्ठा बनाए रखना आपकी नैतिक जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं निर्वाचन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महाजन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शपथ लेने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी (लींबू सेठ) ने समाजजनों का आभार जताते हुए कहा कि, समाजजनों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस भरोसे को कायम रखते हुए समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सांस्कृतिक, रचनात्मक और बौद्धिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए समाज के हर वर्ग का सर्वांगिण विकास करना प्राथमिकता होगी। यह पद मेरे लिए जिम्मेदारी है, केवल अधिकार नहीं। सभी सदस्यों के साथ मिलजुलकर समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ ही समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखते हुए एकता को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सम्मान पत्र भेंटकर अभिवादन किया एवं पूर्व अध्यक्ष वृन्दावन बजाज को भी सम्मान पत्र भेंटकर उनके कार्यकाल की सराहना की गई। संचिव सचिन महाजन ने कहा करीब 2013 के बाद से समाज में चुनाव कराए गए है। समाज की नीतियों में बदलाव लाते हुए कम्प्यूटरीकरण को बढ़ावा देना प्राथमिकता रहेगी। संचालन राजेश महाजन ने किया। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष शिवडोला, दामखेड़ा मंदिर समिति अध्यक्ष पदों पर रहते हुए अनुभवी है तो वही ट्रस्ट में युवाओं, महिलाओं को भी शामिल किया गया है।

खाटू श्याम का सजा दिव्य दरबार, फूलों की बारिश में भजनों पर थिरके भक्त

खरगोन, निप्र। शहर के टीआईटी कॉम्पलेक्स परिसर में रंगभरी एकादशी पर श्री श्याम भक्ति की बयार ऐसी बही की भक्त देररात तक श्याम भक्ति में रमे नजर आए। सुमधुर भजनों के बीच फूलों की वर्षा होती रही। चहूंओर हारे के सहारे की जय, खाटू नरेश की जय, शीश के दानी की जय के जयकारे गूंजायमान होते रहे। बाबा श्री श्याम को 56 भोग लगाकर महाआरती की गई। अवसर था श्याम प्रेमी मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित भजन संध्या का। यहां प्रसिद्ध भजन गायक-गायिकाओं ने कर्णप्रिय भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी की भक्त भक्ति रस से सराबोर हो उठे। आयोजन समिति ने भक्तों पर फूलों की वर्षा कर फाग उत्सव मनाया। आयोजक मंडल देवीसिंह धानसे, पुरुषोत्तम सोनी, हरीश कुमरावत, आवेश परसाई एवं हीरालाल अबोले ने बताया शाम 7 बजे से रंग-बिरंगे फूलों से बाबा श्री श्याम का दिव्य दरबार सजाया गया। बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर ज्योत जगाने के बाद भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। इंदौर की प्रसिद्ध भजन गायिका गौरी अग्रवाल तथा भजन गायक हरिराम पटेल एवं गुप्ता ब्रदर्स द्वारा सुमधुर भजनों की अमृत वर्षा से भक्तों को श्री श्याम रंग में रंगा। गणेश वंदना से शुरुआत हुई, इसके हमें बुलाना खाटूधाम बाबा श्री श्याम, डाकिया जा रहे.., मेरी लाज रखना, तीन बाण के धारी..., क्यूं घबराऊ मैं मेरा तो श्याम.., मालिक म्हारो सांवरिया..जैसे सुमधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायकों के यह भजन दर्शकों को श्रद्धा, विश्वास और समर्पण के गहरे भाव में ले गए। आयोजन श्रद्धालुओं के लिए खाटू श्याम बाबा की आराधना का एक अद्भुत समागम रहा।

प्रदेश सरकार सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : बिरला

विधायक बोले : प्रदेश के स्थानीय निकायों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि का आवंटन

नवभारत न्यूज

सनावद, निप्र। प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार स्थानीय निकायों को बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि मुहैया करा रही है। प्रदेश सरकार ने विगत 3 वर्षों में सनावद नगरपालिका को विभिन्न मद से लगभग 41 करोड़ विकास कार्यों के लिए दिए हैं। प्रदेश सरकार नगरों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

ये बातें विधायक सचिन बिरला ने पत्रकार भवन में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं। विगत दिनों नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों एवं दैनिक वेतनभोगियों की हड़ताल के दौरान कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों का विधायक ने सिलसिलेवार जवाब दिया। विधायक ने कहा कि सनावद नगरपालिका की दयनीय आर्थिक व्यवस्था के लिए कांग्रेसनीत परिषद की निष्क्रियता और लापरवाही जिम्मेदार है। कांग्रेस परिषद ने संपत्ति कर, जल कर, समेकित कर एवं अन्य स्थानीय करों की वसूली पर ध्यान नहीं दिया और प्रदेश सरकार से मिली करोड़ों रु की विकास कार्यों की राशि का इस्तेमाल वेतन, भत्तों, बिजली बिल के भुगतान में किया है। स्थानीय निकाय की दयनीय आर्थिक स्थिति के लिए पूरी तरह कांग्रेस परिषद जिम्मेदार है। प्रदेश की डॉ.मोहन यादव और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय स्थानीय निकाय के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि मुहैया करवा रहे हैं। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 से अभी तक सनावद नगरपालिका को मुद्रांक शुल्क के 2.28 करोड़ रु, चुंगी क्षतिपूर्ति के 9.43 करोड़ रु, यात्री कर के 64 लाख रु, संचित निधि से कुल 1.15 करोड़ रु दिए हैं। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने सनावद नगरपालिका को 15 वें वित्त से 4.28 करोड़ रु, राज्य वित्त आयोग से 6.32 करोड़ रु, विशेष निधि से 87 लाख रु, स्वच्छ भारत अभियान मद से 60 लाख रु, सड़क विकास के लिए 1.75 करोड़ रु, मूलभूत सुविधाओं के लिए 2.25 करोड़ रु, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के 3.65 करोड़ रु, कायाकल्प मद से 2.30 करोड़ रु, शहरी स्वच्छता मद से 5 लाख रु, स्वच्छ भारत मिशन के 21.50 लाख रु, एसडीआरएफ फंड से 24 लाख रु एवं अमृत 2.0 योजना के 5 करोड़ उपलब्ध कराए हैं। इस प्रकार लगभग 41 करोड़ रु पिछले तीन वर्षों में सनावद नगर के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने दिए हैं।

विधायक ने विकास योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कुछ बातें कही

नगर में गीता भवन निर्माण के लिए 15 करोड़ खेल स्टेडियम के लिए 5 करोड़ रु का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त राशि से नगर में सड़क, बांकुर नदी के किनारे रिटेनिंग वॉल आदि निर्माण कार्य जारी हैं। नगर में 46 लाख रु की लागत से संजीवनी क्लिनिक का निर्माण किया जा चुका है। विधायक ने कहा कि नगरपालिका के पास वर्ष 2023-24 से दीनदयाल रसोई योजना के 13.33 लाख रु जमा हैं। इस राशि का उपयोग नगरपालिका परिषद ने भोजन शाला में नए बर्तन और टेबल कुर्सी की सुविधा के लिए नहीं किया है। इसी प्रकार रैन बसेरा की सुविधाओं के लिए भी नगरपालिका के पास 14 लाख रु जमा हैं। इस राशि का उपयोग भी निराश्रित लोगों के लिए नहीं किया गया है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार से स्थानीय निकाय के लिए क्षतिपूर्ति के 1 करोड़ रु की स्वीकृत करने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई है। विधायक ने कहा कि सनावद नगरपालिका की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए जल्दी ही समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी। विधायक ने प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश की सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए गौशालाओं का निर्माण कर रही है। सनावद नगर की गोपाल गौशाला की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि समय पर ड्यूटी नहीं आने वाले और कर्तव्य पालन करने में लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष राजेश अंजने, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, दिनेश शर्मा, पार्षद गजेंद्र उपाध्याय, भाजपा नेता श्याम माहेश्वरी, सुदीश वर्मा, सुनील माली, पवन अरझरे दुर्गेश परिहार उपस्थित थे।

लायंस क्लब सनावद सृजन को 8 अवार्ड

सनावद, निप्र। लायंस क्लब इंटरनेशनल के झोंन 3 की चेयरपर्सन लायन अणिमा उबेजा ने मां नर्मदा के पावन तट पर महेश्वर में आयोजित झोंन 3 सोश्यो (Zone Socio) कार्यक्रम में लायंस क्लब सनावद सृजन को उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए कुल 8 प्रतिष्ठित अवार्डों से सम्मानित किया।

यह उपलब्धि क्लब के सदस्यों की टीमवर्क, सामाजिक योगदान और निरंतर सेवा भावना का जीता-जागता प्रमाण है। इसके अलावा क्लब को सेवा कार्यों, संगठनात्मक उत्कृष्टता और अन्य योगदानों के लिए शेष 4 अवार्ड भी प्रदान किए गए। कोषाध्यक्ष सुधीर जैन सहित पूरी टीम की मेहनत को विशेष रूप से सराहा गया। महेश्वर की प्रमुख लायन प्रियंका गुजराती ने क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा, 'लायंस क्लब सनावद सृजन ने समाज सेवा के क्षेत्र में जो उत्कृष्ट कार्य किया है, वह प्रेरणादायक है। भविष्य में भी ऐसे ही समाजहित के कार्य जारी रहें, यही मेरी कामना है। 'यह सम्मान क्लब के लिए न केवल गर्व का विषय है, बल्कि आने वाले समय में और अधिक बड़े लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा भी देता है। लायंस क्लब सनावद सृजन के सदस्यों ने (We Serve) के मूल मंत्र को साकार करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दिया है। क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों को हार्दिक बधाई! ऐसे ही समाज के लिए समर्पित रहें और नई ऊंचाइयों को छुएं।

लायन ऑफ द रीजन अवार्ड सहित मिले अन्य पुरस्कार

:- लायन ऑफ द रीजन अवार्ड – पूरे क्लब को क्षेत्र स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए।
:- बेस्ट सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अवार्ड – क्लब अध्यक्ष उर्मिला जैन को।
:- बेस्ट सचिव अवार्ड – सचिव गुरदीप सिंह भाटिया को।
:- बेस्ट सर्वश्रेष्ठ सहसचिव अवार्ड – सहसचिव संजय आर्य को।

समाजसेवी किशोर मामा फुटबॉल खेल स्पर्धा सचिव नियुक्त

खरगोन, निप्र। जिले में फुटबॉल खेल के प्रचार-प्रसार एवं आगामी फुटबॉल आयोजनों के लिए जिला फुटबॉल संघ के सेक्रेटरी राहुल मेहता ने सक्रिय सामाजिक एवं खेल प्रेमी किशोर रघुवंशी को आगामी महिला हॉकी प्रतियोगिता केलिए आयोजन समिति सचिव बनाया गया है। इस महत्वपुर्ण जिम्मेदारी मिलने पर श्री रघुवंशी ने संघ का आभार जताते हुए कहा कि आगामी 16 मार्च से होने वाली प्रतियोगिता में खिलाडियों को मंच देने के साथ ही उनकी प्रतिभा में निखार लाने के लिए वृहद स्तर का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि स्पर्धा को यादगार बनाने जाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां करेंगे।

होली, धुलंडी, रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

गोगावा, निप्र। थाना परिसर में रविवार को होली धुलंडी रमजान पर्व को लेकर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक यादव ने शांति समिति की बैठक लेकर पर्वों को शांति पूर्वक मनाने की सभी से बात कही है। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि बैठक में होली दहन को लेकर हिंदू समाज के लोगो से समय को लेकर चर्चा भी हुई है सभी ने चर्चा में थाना प्रभारी को बताया की दो फरवरी रात्रि ग्यारह बजे के बाद होली दहन की प्रक्रिया होगी जिसमे अलग अलग मोहल्लों में सात जगहों पर होली दहन किया जाएगा और चार फरवरी को धुलंडी मनाने की चर्चा हुई है। उधर मुस्लिम समाज के रमजान पर्व को देखते हुए सभी से थाना प्रभारी ने कहा कि रंगो का त्योहार होली पर्व आपसी भाई चारे से मनाए किसी को परेशानी न हो बैठक में साउंड सिस्टम चलाने को लेकर भी चर्चा हुई है बैठक में एक पक्ष के शांति समिती सदस्य मौजूद रहे।

दृष्टिकोण वाला शिविर को दिया विराम सीखे निरोगी काया के आसन

खरगोन, निप्र। ग्राम मोठापुरा में आयोजन तीन दिवसीय नए दृष्टिकोण वाले शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर में ग्राम की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा भारी उत्साह के साथ भाग लिया। प्रशिक्षक जितेंद्र भावसार ने अन्न से ब्रह्म की यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि तीन प्रकार का भोजन होता है। पहला तामसिक, दुसरा राजसी तथा तीसरा सात्विक। इस तीन प्रकार के भोजन से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। यह हमारे शरीर और व्यक्तित्व पर गहरा असर छोड़ते है। ग्राम के चंद्रकांत पाटीदार ने आभार व्यक्त किया। इस शिविर में बलिराम पाटीदार, दिनेश पाटीदार, ओमप्रकाश पाटीदार तथा बलिराम भाई मैकेनिक का विशेष सहयोग रहा। खरगोन के साधक दशरथ सिंह यादव, नरेश भावसार, महेश सोनी, मोहन जायसवाल, तेजिंदर सैनी, कैलाशचंद्र लाड़, पूर्णाशंकर बार्चे, प्रवीण चौधरी, देवराम मोरेए गंगादास सोलंकी तथा प्रवीण चौधरी ने भी शिविर का लाभ लिया।

प्रोफेसर बनने की चाह में दी राज्य पात्रता परीक्षा

खरगोन, निप्र। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) द्वारा 1 मार्च 2026 को राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन किया गया है। सहायक प्राध्यापक पदों की राह आसानी करने वाली इस परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में उत्साह नजर आया। परीक्षा के लिए जिले में 16 केंद्र बनाए गए थे। इस परीक्षा के लिए 5519 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। दोपहर 12 से 3 बजे तक एक सेट में परीक्षा आयोजत की गई। परीक्षा के लिए एक घंटा पहले सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। यहां प्रवेश से पहले उन्हें कड़ी जांच से गुजरना पड़ा। यह परीक्षा सरकारी कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक पदों के लिए अनिवार्य है। परीक्षा ऑफलाइन मोड में कराई गई। एमपीपीएससी की इस अहम परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसकी निष्पक्षता और लोगों में परीक्षा के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए केंद्रों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर सघन जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र की जांच के साथ तलाशी ली गई, ताकि कोई भी अनुचित सामग्री केंद्र के भीतर न ले जाई जा सके। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक केंद्र पर नियुक्त अधिकारियों ने समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र व्यवस्थापकों को नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए थे। परीक्षा देकर कक्ष से बाहर आए परीक्षार्थी गिरीश सोलंकी एवं मोतीलाल चौहान ने बताया कि हिंदी, अंग्रेजी, वाणिज्य, विज्ञान, इतिहास सहित कंप्युटर संचालन से जुड़े कुल 31 विषयों से जुड़े 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे।

एक नजर में

श्री श्याम सेवा समिति चार वर्षों से लगातार कर रही विशाल आयोजन

खाटू श्याम की निशान यात्रा का नगर में भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

मंडलेश्वर, निप्र। श्री खाटू श्याम भक्तों ने शनिवार की शाम श्रीश्याम अलबेली सरकार के पावन सानिध्य मे श्रीखाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकाली गईं। श्री श्याम सेवा समिति द्वारा यह यात्रा विगत चार वर्ष से निकाली जा रही हैं। रामघाट नर्मदा तट पर माँ नर्मदा का पूजन कर हनुमान जी के निशान और श्री खाटू श्याम जी के निशान का पूजन कर आरती की गईं उसके बाद निशान यात्रा का प्रारम्भ हुई।

यह यात्रा क्षेत्र में आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है।यात्रा मे हजारों नर नारी हाथों में रंग-बिरंगे निशान ध्वज लिए थे। यात्रा झंडा चौक से जैसे जैसे बस स्टैंड की ओर बढ़ने लगी वैसे वैसे इसमें श्याम भक्त जुड़ते चले गए जिससे पूरा नगर श्याममय हो उठा।यात्रा का नगर मे कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे पार्षद गणों एवं नपा कर्मियों ने एम जी रोड पर श्याम भक्तों का स्वागत किया। यह यात्रा मंडलेश्वर से श्रीनग कॉलोनी, जलूद, छोटी खरगोन होते हुए पावन तीर्थ श्री श्याम सांवलिया धाम मंदिर (धरगांव) पहुंची।इस आठ किलोमीटर की पैदल निशान यात्रा को तय करके सैकड़ो श्रद्धालु मंदिर पहुंचे जहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए तथा पुष्प वर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया गया। निशान यात्रा के दौरान ढोल ताशे ओर श्याम भजनों की मधुर धुन पर महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। 'हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे' और 'जय श्री श्याम' के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। यात्रा में सम्मिलित श्याम प्रेमियों की सेवा के लिए मंडलेश्वर, श्रीनगर कॉलोनी, जलूद एवं धरगांव सहित विभिन्न स्थानों पर श्री श्याम भक्तों द्वारा अल्पाहार एवं जलपान के व्यवस्था की गई। सेवा भावना और भक्ति का अद्भुत संगम पूरे आयोजन में दिखाई दिया।यह भव्य निशान यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे का संदेश भी देती नजर आई। आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर श्रद्धालुओं के हृदय में गहरी आध्यात्मिक छाप छोड़ दी।